## खबर एक्सप्रेस

# पर्यावरण विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए किया प्रेरित

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा राष्ट्रीय स्तर सात दिवसीय संकाय विकास का तीसरा दिन अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के आईक्यूएसी प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में समग्र विकास और कल्याण प्रबंधन पर एक राष्ट्रीय स्तर पर 7 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बुधवार सत्र के तीसरे दिन का विषय पर्यावरण कल्याण था। अरावली एनजीओ के संस्थापक, जितेन्द्र भड़ाना ने प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, इसकी सीमाओं से अवगत होना, पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधन, ऊर्जा का संरक्षण (अर्थात अप्रयुक्त रोशनी को बंद करना)कागज, डिब्बे और कांच को यथासंभव पुनर्चक्रित करना, प्राकृतिक परिस्थितियों में बाहर समय का आनंद लेना और सराहना करना और हवा, पानी या पृथ्वी को प्रदूषित नहीं करने का संदेश दिया।उन्होंने श्रोताओं को कार्रवाई करने और पर्यावरण विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से 27 नवबंर को सेव द अरावली एनजीओ द्वारा आयोजित की जा रही अरावली यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। अन्य वक्ता श्री पंकज ग्रोवर ने विस्तार से अरावली के पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने की आवश्यकता के बारे में बताया और प्रतिभागियों को इसकी रक्षा और संरक्षण की आवश्यकता को समझने में मदद की।उन्होंने कुछ सतत गतिविधियों के बारे में भी बताया जो हवा और पानी के प्रदूषण से बचने के लिए की जा सकती हैं। कार्यक्रम में कुल लगभग 150 प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सत्र की संवेदक सुश्री प्रिया अरोड़ा, सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग थी। एफडीपी के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला और समन्वयक डॉ.शिल्पा गोयल और डॉ. इनायत चौधरी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

